बरेली, शुक्रवार
15 सितंबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 05, TOP

जी 20 सम्मेलन से 'भारत की अर्थव्यवस्था' विषय पर कार्यक्रम

चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री वेलफेयर की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (14 Sept): चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से बुधवार को जी20 सम्मेलन से भारत की अर्थव्यवस्था विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम शहर के एक निजी होटल में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता एसआरएमएस के प्रोफेसर डॉ. सौरभ गुप्ता और दानिश चिश्ती रहे. उन्होंने जी20 सम्मेलन से भारत को होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी. कार्यक्रम में विशेष अतिथि संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला एवं यूपीसीडा से मंसूर कटियार रहे.

प्रयास में आएगी तेजी

कार्यक्रम में डॉ. सौरभ ने बताया कि जी20 सम्मेलन से भारत की अर्थव्यवस्था पर काफी प्रभाव पड़ेगा. आटोमोबाइल, मोबाइल फोन, और नवीनीकरणीय ऊर्जा जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के लिए बाजार एवं निवेश के लिए वृद्धि होगी. उन्होंने कहा कि इसकी वजह से खाद्य सुरक्षा एवं पोषण के उच्च स्तरीय सिद्धांतों में सुधार के अवसर बढ़ेंगे. इसी के साथ जलवायु अनुकूलन कृषि के बुनियादी ढांचे के निर्माण में भी सहायता मिलेगी. इस पर डॉ. मोहम्मद दानिश ने कहा कि इस सम्मेलन से कोयले से बिजली उत्पादन के तरीके को भी धीरे-धीरे कम करने के प्रयास में तेजी आएगी. जिससे पूरे देश को फायदा होने वाला है. इससे लोगों को लाभ मिलेगा. उन्होंने यह भी बताया कि सम्मेलन में इस बात पर भी सहमति हुई है कि डब्ल्यूटीओ में विवाद एवं निपटान प्रणाली अगले वर्ष तक फिर से कार्य करेगी. इससे पहले संस्था के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, सचिव अल्पित अग्रवाल ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया. कार्यक्रम में इस मौके पर सुरेश सुंदरानी, किशोर कटरू, दिनेश गोयल, रवि प्रकाश अग्रवाल, एसके सिंह, बिमल रेवाड़ी, विनोद ग्रोवर आदि मौजूद रहे.